# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा/माध्य/मा–स/विविध/दिवस/2014–17/298 दिनांक: 12.06.2018

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक–प्रथम/द्वितीय

**विषय :–** दिनांक : 21 जून, 2018 को आयोजित होने वाले "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर समितियों का गठन एवं समस्त जिला मुख्यालयों, समस्त ब्लॉक मुख्यालय तथा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर प्रातः 07:00 से 08:00 बजे तक समारोह आयोजित किए जाने बाबत।

**प्रसंग :–** उप शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप–6)विभाग, राजस्थान, जयपुर का पत्रांक : प. 24(36)शिक्षा–6/2015/योग दिवस/पार्ट जयपुर, दिनांक: 05.06.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत शासन के प्रासंगिक निर्देशों के क्रम में लेख है कि 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" मनाने का संकल्प पारित किया गया था। संकल्प में महासभा ने स्वीकार किया कि योग स्वास्थ्य तथा कल्याण के लिए पूर्णतावादी दृष्टिकोण प्रदान करता है तथा विश्व की जनसंख्या के स्वास्थ्य, बिमारियों की रोकथाम और जीवन शैली सम्बन्धित विकारो के प्रबन्धन के लिये आवश्यक है। इसी के अन्तर्गत शासन स्तर पर लिए गए निर्णयानुसार राज्य में "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के आयोजन के सम्बन्ध में राज्य मुख्यालय जयपुर, समस्त जिला मुख्यालयों, समस्त ब्लॉक मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 21 जून, 2018 को प्रातः 7.00 से 8.00 बजे तक "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" समारोह आयोजित किया जाएगा। उपर्युक्त क्रम में "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" कार्यक्रम में विभाग द्वारा पूर्ण सहभागिता निभाए जाने हेतु क्षेत्राधिकार में निम्नांकित निर्देशो की पालना सुनिश्चित करावें :–

1. समस्त राजकीय विद्यालय ग्रीष्मावकाश के उपरान्त दिनांक 19 जून, 2018 को खोलने के निर्देश विभाग द्वारा पूर्व में ही जारी किये जा चुके है ताकि संस्था प्रधानों एवं विद्यालय स्टाफ को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए पूर्व तैयारियों हेतु उपयुक्त समय मिल सके।
2. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून, 2018 को विद्यालय समय विद्यार्थियों हेतु प्रातः 06.55 से दोपहर 01.00 बजे तक होगा। विद्यालय में योग दिवस समारोह का आयोजन प्रातः 07.00 बजे से 08.00 बजे के मध्य किया जाएगा, जिसमें विद्यालय के शारीरिक शिक्षक/खेलकूद प्रभारी द्वारा समस्त विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को सामूहिक योगाभ्यास करवाया जाएगा। दोपहर 11.00 बजे से 01.00 बजे के मध्य विद्यालय में योग विषयक व्याख्यान, सांस्कृति कार्यक्रम तथा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। उक्त दिवस संस्था प्रधान हेतु विद्यालय समय 06.40 बजे से 01.00 बजे तथा शिक्षकों हेतु 06.50 बजे से 01.00 बजे रहेगा।
3. जिला स्तर पर योग प्रशिक्षण हेतु आयोजित कार्यक्रमों में आवश्यकतानुसार शारीरिक शिक्षकों/विद्यालयों के खेलकूद प्रभारियों के प्रशिक्षण भी करवाएं ताकि प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा ही योग करवाया जाए।
4. शासन स्तर पर निर्णय के क्रम में जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" समारोह में भी आवश्यकतानुसार विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करावें। उक्त बाबत शासन स्तर से अनुमोदित "अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह कार्यक्रम–2018" (परिशिष्ट–क) की प्रतिसहज सन्दर्भ हेतु संलग्न प्रेषित है।

संलग्न :– यथोपरि (परिशिष्ट–क)

www.rajteachers.com

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।